प्रारुप–6

## प्रारम्भिक संयुक्त निरीक्षण रिपोर्ट का प्रारूप

**परियोजना का नाम :–** **चार धाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राज मार्ग सं0 125 (नया 09) के चम्पावत बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण।**

आज दिनॉक 29–12–2017 को राष्ट्रीय राजमार्ग खण्ड लोक निर्माण विभाग लोहाघाट (एजेन्सी का नाम) के द्वारा चार धाम परियोजना के अन्तर्गत टनकपुर पिथौरागढ़ राष्ट्रीय राज मार्ग सं0 125 (नया 09) के चम्पावत बाईपास मोटर मार्ग का निर्माण बनाये जाने वाले मार्ग/प्रस्तावित परियोजना को बनाये जाने हेतु स्थल निरीक्षण किया गया। संयुक्त निरीक्षण के समय वन विभाग की ओर से श्री हरीश चन्द्र सिह नयाल, श्री हरीश चन्द्र भट्ट, श्री पुष्कर सिंह वनदरोगा, राजस्व विभाग की ओर से श्री सुन्दर सिंह नेगी श्री हरीश राम उपराजस्व निरीक्षक, प्रस्तावक विभाग की ओर से श्री बी0के0 सिन्हा, सहायक अभियन्ता, श्री बिपिन चन्द्र जोशी आदि के द्वारा प्रश्नगत परियोजना को बनाने हेतु सर्वश्रेष्ठ स्थल/समरेखन के चयन तथा अन्य वैकल्पिक स्थलों/समरेखनो के चयन हेतु भाग लिया गया ।

संयुक्त निरीक्षण में पाया गया कि सामाजिक आवश्यकता, परिस्थितिक आवश्यकता, आर्थिक मितव्यता तथा तकनीकी आवश्यकता के दृष्टि से जो समरेखन/स्थल सर्वथा उपयुक्त पाया गया है उसमें 3.480 हे0 वनपंचायत, 3.720 हे0 सिविल भूमि, 1.200 आरक्षित भूमि, 15.600 हे0 नापभूमि तथा मलुवा निस्तारण हेतु 0.220 वनपंचायत, सिविल भूमि, 0.120 हे0, 0.200 हे0 आरक्षित भूमि की आवश्यकता होगी। जिनमें से कुल 8.940 हे0 वनभूमि के हस्तान्तरण की आवश्यकता होगी। इस समरेखन पर/चुने गये स्थलों पर विभिन्न प्रजाति के वृक्ष प्रभावित हो रहे हैं जिनकी सूची प्रस्ताव में संलग्न है।

इस समरेखण के तुलना में वैकल्पिक समरेखण किया जाना संभव नहीं है,
अतः परियोजना के निर्माण हेतु चयनित विकल्प संख्या प्रथम के वन भूमि के अतिरिक्त अन्य वैकल्पिक एवं उपयुक्त भूमि उपलब्ध नहीं है तथा इस चुने गये वन भूमि की मांग न्यूनतम है।

चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण किसी राष्ट्रीय पार्क/वन्य जीव अभ्यारहण्य का हिस्सा है/नही है । नहीं है।
चयनित उपयुक्त स्थल/समरेखण के चयन से ग्रामवासियों के परम्परागत अधिकारों का हनन होगा / नही होगा । नहीं होगा।
इस समरेखण पर मोटर मार्ग के निर्माण के दौरान जो मलवा उत्सर्जित होगा उसके निस्तारण ग्रामवासियों की नाप भूमि एवं सिविल भूमि एवं वनपंचायत भूमि प्रस्तावित की गयी है।
**अन्य आवश्यक विवरण** :– उपरोक्तानुसार इस मार्ग में पड़ने वाले 8.940 हे0 वनभूमि प्रस्ताव स्वीकृति हेतु प्रेषित है। उपरोक्त मोटर मार्ग के वनभूमि प्राप्त होने के पश्चात इस मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा। यह मार्ग सामरिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण मार्ग है।
नोट– इस रिपोट पर भूवैज्ञानिक की राय भी प्रस्ताव बनाने से पूर्व में ही प्राप्त कर ली जाये।

| हस्ताक्षर (प्रस्तावक एजेन्सी) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (वन विभाग) प्रतिनिधि | हस्ताक्षर (राजस्व विभाग) प्रतिनिधि |
|---|---|---|
| सहायक अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लो० नि० वि० लोहाघाट | वन क्षेत्राधिकारी चम्पावत वन क्षेत्र | तहसीलदार चम्पावत |
| अधिशासी अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड लो० नि० वि० लोहाघाट | | |
| उप प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत | उप जिलाधिकारी (सदर) चम्पावत | जिलाधिकारी चम्पावत |
| | प्रभागीय वनाधिकारी चम्पावत वन प्रभाग, चम्पावत | |